## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 23.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज जमशेदपुर पहुंचे, जहां वे एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आदिवासियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने और वोट बैंक की राजनीति से दूर रहने की अपील की।

******************

आज राष्ट्र डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस का परिचय दिया।

इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, साथ ही राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति उनके संघर्ष और समर्पण को नमन किया।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय का भ्रमण कर शैक्षणिक गतिविधियों और संसाधनों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा और अनुशासित वातावरण की सराहना की। राज्यपाल ने नेतरहाट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

******************

खूंटी जिले में तीन साल के अंदर तीन पुल ध्वस्त होने के बाद अब पथ निर्माण विभाग ने जिले में बने सभी पुलों की स्थिति और उसके रख–रखाव को जांचने की योजना बनायी है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर अभियंताओं की तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नशा मुक्ति अभियान के समर्थन में खिलाड़ी भी एकजुट हो रहे हैं। इस के तहत जिला खेल विभाग प्रखंड और जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी

तिर्की ने बताया कि सभी खेल प्रशिक्षण केंद्रों में खिलाड़ियों को नशा से दूर रहने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है।

***********************

साहिबगंज जिले में कोरोना की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से कई एहतियाती कदम उठाए गए हैं।

***********************

राजधानी रांची सहित आस पास के इलाकों में मूसलाधार बारिश हो रही है। रुक रुक कर लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिण और पश्चिमी हिस्सों में आज भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

***********************

आज अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस है। इसके तहत आज सरायकेला इंडोर स्टेडियम से बिरसा मुंडा स्टेडियम तक रन फोर ओलंपिक का आयोजन किया गया, जिसमें कई खिलाड़ी और स्कूली छात्र शामिल हुए। मौके पर ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव सिकंदर महतो ने झंडा दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। गौरतलब है कि 29 जून तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

*********समाप्त*********